हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 1 अप्रैल 2025

11 जीजीएचएस कागदाना की छात्राओं ने परीक्षा में लहराया...



12 अनाज मंडी में मजदूरी नहीं बढ़ी तो 10 अप्रैल से मजदूर...



मंडियों में गेहूं 15 अप्रैल से पहले नहीं आने का अनुमान

### प्रदेश में आज से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू

# गेहूं के सीजन तक अनाज मंडी में धान की आवक पर प्रतिबंध, किसानों के लिए लगाए वॉटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अलग खबर

प्रदेश में आज से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो गई। हालांकि मौसम में बदलाव के चलते मण्डियों में गेहूं आएगा, इसकी उम्मीद अभी कम है लेकिन मार्किट कमेटी ने गेहूं की खरीद के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। माना जा रहा है मण्डियों में गेहूं 15 अप्रैल से पहले नहीं आएगा। आज से मण्डी में धान की आवक पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा मण्डियों में किसानों व मजदूरों के लिए 6 वॉटर कूलर, 6 पेयजल टंकियां और दो शौचालयों की व्यवस्था की गई है। इन शौचालयों व टंकियों को साफ-सफाई कर बकायदा सफाई की तारीख भी इन पर अंकित की गई है। किसानों के आराम के लिए किसान विश्राम गृह को भी खोल दिया गया है। जनवरी व फरवरी माह में तापमान में बढ़ोतरी व अब ठंडक पडऩे के चलते गेहूं की फसल को पकने में अभी 10 से 15 दिन का समय लगेगा। मण्डियों में लाने वाले किसानों व मजदूरों को कोई परेशानी न आए, इसके लिए मार्किट कमेटी ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। फतेहाबाद अनाज मण्डी में आने वाले किसानों, मजदूरों की प्यास बुझाने के लिए 6 वाटर कूलर लगाए गए हैं। 6 प्याऊ का पुर्ननिर्माण किया गया है। इसके अलावा 2 शौचालयों की मुरम्मत कर साफ-सफाई करवाई गई है। अनाज मण्डी के प्याऊ पर साफ-सफाई की तारीख भी अंकित की गई है ताकि इनकी पुनः समय पर सफाई करवाई जा सके। मार्किट कमेटी सचिव यशपाल मेहता ने सभी आढ़तियों को सर्कुलर जारी कहा है कि वह अपने किसानों से मण्डी में धान न लाने के लिए कहें। आज भी मण्डी में धान न आने से साफ-सफाई नजर आई। मण्डी में धान का घास-फूस उठाने का कार्य चल रहा है। इसके अलावा साफ-सफाई भी चल रही है। मण्डी के शैड भी खाली करवाने के लिए बोल दिया गया है ताकि किसानों को फसल रखने और धूप से बचाव के लिए शैड में बैठने में कोई दिक्कत न आए। बता दें कि अक्टूबर से अब तक अनाज मण्डी में लगातार धान आ रहा था। अब इस बार करीब 8 लाख एमटी गेहूं आने की उम्मीद है। ऐसे में फतेहाबाद की भट्टू रोड मण्डी व सिरसा रोड स्थित नई अनाज मण्डी में पर्याप्त जगह की आवश्यकता है। यही कारण है कि आढ़तियों व किसानों से कहा गया है कि वह गेहूं के सीजन तक धान मण्डियों में न लाएं। बता दें कि इस बार अनाज मण्डी में हैफेड और हरियाणा वेयर हाऊस ही गेहूं की खरीद करेंगी। डीएफएससी और एफसीआई इस बार फतेहाबाद अनाज मण्डी में गेहूं की खरीद नहीं करेंगी। हालांकि जिले के अन्य खरीद केन्द्रों पर एफसीआई और डीएफएससी भी गेहूं की खरीद करेंगी।



फतेहाबाद। मण्डी में किसानों-मजदूरों के लिए बने गए प्याऊ।



फतेहाबाद। मण्डी से घास-फूस उठाने के काम में लगी जेसीबी।

## किसानों के रहने-खाने की पूरी व्यवस्था

*किसानों को रात्रि आराम करने में दिक्कत न आए, इसके लिए अनाज मण्डी के पीछे किसान विश्राम गृह को खोल दिया गया। अब कोई भी किसान वहां जाकर रह सकता है। किसान विश्राम गृह में बकायदा चौकीदार तैनात है। यहां रहने व पेयजल का पूरा इंतजाम है। इसके अलावा किसानों, मजदूरों के लिए अटल कैंटीन में सस्ते भोजन की भी व्यवस्था की गई है*



फतेहाबाद। गेहूं सीजन के चलते साफ-सुथरी सडक़ें।

## फसल बेचने के लिए गेट पास कटवाना जरूरी

जिन किसानों का मेरी फसल-मेरी ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण होगा, केवल वही किसान ही सरकार को अपनी फसल एमएसपी पर बेच पाएगा। किसान जब मण्डी में फसल लेकर आएगा तो सबसे पहले उसे मार्किट कमेटी से गेट पास कटवाना होगा। गेट पास दिखाकर ही आढ़ती सरकारी एजेंसी को उसकी फसल बेच पाएगा। इसकी कम्प्यूटर में एंट्री के बाद खरीद एजेंसी के पास किसान का ब्यौरा पहुंच जाएगा। इसी एंट्री के आधार पर ही सरकार किसान की गेहूं की फसल का भुगतान करेगी। **यशपाल मेहता, सचिव मार्किट कमेटी फतेहाबाद**

# सभी खरीद केन्द्रों और उठान व ट्रांसपोर्ट के ठेकेदार आएं आगे

### गेहूं की पॉलिसी में बदलाव

- 3 अप्रैल को लोडिंग-अनलोडिंग और ट्रांसपोर्ट के ठेकेदारों को विभाग करेगा फाइनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश सरकार द्वारा गेहूं की पॉलिसी में बदलाव किए जाने के बाद गेहूं की लोडिंग-अनलोडिंग की एजेंसियां उठान व ट्रांसपोर्ट के लिए आगे आई हैं। 3 अप्रैल को सातवीं बार खाद्य एवं आपूर्ति विभाग लोडिंग-अनलोडिंग और ट्रांसपोर्ट के टेंडर खोलेगा। डीएफएससी का कहना है कि करीब-करीब सभी 7 मण्डियों व 45 खरीद केन्द्रों पर ठेकेदारों ने आवेदन डाले हैं। 3 अप्रैल को यहां टेंडर फाइनल हो जाएंगे।बता दें कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 3 अप्रैल को सातवीं बार गेहूं लोडिंग-अनलोडिंग और ट्रांसपोर्ट के टेंडर आमंत्रित किए हैं। इससे पूर्व 6 बार टेंडर आमंत्रित किए गए थे लेकिन 7 मण्डियों व 45 खरीद केन्द्रों पर विभाग को ठेकेदार नहीं मिले थे। इसका मुख्य कारण सरकार द्वारा इसको लेकर नई पॉलिसी व कड़ी शर्तें लागू करना रहा। हालांकि सरकार ने पिछले दिनों शर्तों में काफी रियायत दी है जिसके बाद अब ठेकेदार लोडिंग-अनलोडिंग व ट्रांसपोर्ट का टेंडर लेने के लिए आगे आए हैं। मालूम हो कि जिला में गेहूं की सरकारी खरीद के लिए सरकार ने फतेहाबाद में 7 मण्डियां और 45 खरीद केन्द्र बनाए हैं। पिछले दिनों प्रदेश की मण्डियों में गेहूं की लोडिंग-अनलोडिंग के ठेकेदार व ट्रांसपोर्टर न मिलने के चलते सरकार ने तीसरी बार पॉलिसी में बदलाव किया है।

### दोगुना जुर्माने का फैसला लिया वापस

सरकार ने अब अनाज मंडियों में गेहूं उठान में देरी पर लगने वाली जुर्माना राशि दोगुनी करने के फैसले को वापस ले लिया है। बीते 8 मार्च को इसे प्रति ट्रक 1000 रुपए किया था, अब दोबारा 500 रुपए कर दिया है। ट्रांसपोर्टरों ने इसका विरोध करते हुए टेंडर के लिए आवेदन नहीं किए थे। पॉलिसी में बदलाव के

### किए बदलाव

ट्रांसपोर्टर सरकार की पॉलिसी पर सहमत हो गए हैं। ट्रांसपोर्टरों की मांग पर पॉलिसी में कुछ बदलाव किया है। गेहूं सीजन की सभी तैयारी पूरी हैं। उम्मीद है कि 3 अप्रैल को सभी मण्डियों व खरीद केन्द्रों लिए ठेकेदार फाइनल हो जाएंगे। अब तक 52 मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर करीब-करीब सभी एजेंसियों ने अपने आवेदन किए हैं। **-विनीत जैन, डीएफएससी फतेहाबाद**

### प्रति गाड़ी सिक्योरिटी 1.50 लाख से घटा 7 हजार रुपये की

गेहूं का सीजन 45 दिन का होता है, लेकिन किसान मौसम की मार या अन्य कारणों से 15 दिन में पूरे सीजन को खत्म कर देते हैं। जब सीजन पीक पर होता है, तब मंडियों में जाम लगता है। फसल को एफसीआई गोदाम तक पहुंचाने अनेक अड़चनें हैं। आढ़ती दोपहर बाद 4 बजे तक फसल खरीदते हैं। प्रदेश सरकार ने 14 फरवरी को वर्ष 2025-26 के लिए ट्रांसपोर्टरों के लिए नई पॉलिसी जारी की थी। इसमें शर्त रखी थी कि यदि फसल खरीद करने के 48 घंटे में एफसीआई के गोदाम में अनाज डिलीवर नहीं किया गया तो प्रतिदिन 5 हजार रुपए जुर्माना लगेगा। फिर 1 हजार जुर्माना किया। इसका भी विरोध हुआ। अब सरकार ने 72 घंटे का समय देते हुए जुर्माना राशि भी 500 रुपए कर दी है।

# लाखों रुपये की हेरोइन सहित चार युवक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सीआईए सिरसा, नाथूसरी चौपटा व रानियां थाना की पुलिस टीमों ने गश्त व चेकिंग के दौरान चार युवकों को 19 ग्राम 121 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि नाथूसरी चौपटा थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव कुतियाना क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस को सामने से दो युवक पैदल आते दिखाई दिए। उक्त युवकों ने सामने पुलिस पार्टी को देखकर अचानक वापस मुडक़र भगाने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर दोनों युवकों को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उनके कब्जे से 6 ग्राम 85 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपियों की पहचान रमेश कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह व रमेश कुमार पुत्र भूराराम निवासी गांव जसाणा, थाना फेफना, राजस्थान के रूप में हुई है। वहीं एक अन्य घटना में रानियां थाना की करीवाला पुलिस चौकी की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान रानियां थाना क्षेत्र के गांव बणी में मौजूद थी।

कनाडा भेजने के नाम पर की धोखाधड़ी

# 16 लाख रुपये की ठगी के मामले में ब्रिटिश ओवरसीज इंस्टिट्यूट का संचालक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने स्टडी वीजा पर कनाडा के टोरंटो शहर भेजने के नाम पर 16 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में ब्रिटिश ओवरसीज इंस्टिट्यूट के संचालक को काबू किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान नवप्रिंस पुत्र सुखप्रीत सिंह निवासी रानियां रोड घंटाघर चौक, सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से पूछताछ कर उसकी निशानदेही पर ठगी की राशि बरामद की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विनय कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी हरस्वरूप कॉलोनी फतेहपुर बेरी, दक्षिणी दिल्ली, हाल गांव भरोखां जिला सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह स्टडी वीजा पर विदेश जाने



के लिए किंग एब्रॉड इंस्टिट्यूट पर तैयारी करता था। इस दौरान नवप्रिंस पुत्र सुखप्रीत का वहां आना-जाना था और कहता था कि मैंने सैकड़ों बच्चों को स्टडी वीजा पर विदेश भेजा है, यदि किसी बच्चे को विदेश जाना हो तो उससे संपर्क कर सकता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस दौरान पीड़ित युवक ने आईलेट्स क्लियर होने के बाद विदेश जाने की इच्छा जाहिर की तो ब्रिटिश ओवरसीज इंस्टीट्यूट के संचालक ने विदेश से स्टडी वीजा की स्पॉन्सरशिप मंगवाने व फाइल जमा करवाने के नाम पर 14 मई 2023 को 3 लाख 30 हजार रूपए जमा करवा लिए। इस प्रकार पीड़ित युवक उनके चुंगल में पूरी तरह से फंस गया।

### जांच जारी
### आरोपी अन्य मामलों में भी वांछित

पीड़ित की शिकायत पर सिविल लाइन थाना सिरसा में ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जांच के दौरान सिविल लाइन थाना की एक पुलिस टीम ने आरोपी नवप्रिंस पुत्र सुखप्रीत सिंह निवासी रानियां रोड घंटाघर चौक सिरसा क्षेत्र से काबू कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी इमीग्रेशन के दो अन्य मामलों में भी वांछित है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा जो भी व्यक्ति इस घटना में संलिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# करोड़ों की हेरोइन मामले में तीसरे युवक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



टोहाना पुलिस द्वारा करोड़ों की हेरोइन सहित पकड़े गए युवक से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके दूसरे साथी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान कृष्ण पुत्र जगीर सिंह निवासी गांव बखौरा कलां, जिला संगरूर के रूप में हुई है। इस मामले में दो युवकों गांव बखौरा कलां निवासी जगसीर उर्फ जग्गा पुत्र जंगीर सिंह व गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरा पुत्र भजन सिंह निवासी शादीपुर जिला कैथल को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना शहर टोहाना प्रभारी एसआई देवीलाल ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 18 मार्च को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। सीआईए टोहाना पुलिस की टीम ने पीएसआई अशोक कुमार के नेतृत्व में गश्त पर थी तो उन्हें सूचना मिली कि पंजाब के संगरूर जिले के गांव बखौरा कलां निवासी जगसीर उर्फ जग्गा पुत्र जंगीर सिंह भारी मात्रा में हेरोइन लेकर बेचने के लिए टोहाना आया हुआ है। वह सुबह ट्रेन से टोहाना आता है और हेरोइन बेचकर शाम को वापस चला जाता है।

# नंदीशाला में भागवत, भक्ति और ज्ञान से सराबोर हुआ डबवाली

हरिभूमि न्यूज. डबवाली

नंदीशाला डबवाली के भव्य पंडाल में कामधेनु गो माता के सानिध्य में आरंभ हुई सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन का आयोजन सभी भक्तों के लिए एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति लेकर आया। इस पावन अवसर पर प्रसिद्ध



कथावाचक पलक किशोरी ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और भागवत के प्रथम स्कंध की मनोहर व्याख्या की। जिसने श्रोताओं के हृदय को भक्ति और ज्ञान से सराबोर कर दिया। कथा का यह सात दिवसीय आयोजन आगे भी जारी रहेगा, जिसमें भागवत के विभिन्न स्कंधों की व्याख्या होगी। सभी भक्तों को इस पुण्य अवसर का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया गया है। नंदीशाला के प्रधान पंकज मोंगा ने बताया कि डबवाली के प्रसिद्ध व्यापारी विनोद गर्ग कथा यज्ञ में परीक्षित जी का दायित्व निभा रहे हैं।

### भागवत कथा के महत्व को समझाया

*पलक किशोरी जी ने मंगलाचरण के साथ कथा का शुभारंभ किया और शुकदेव जी द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई भागवत कथा के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि कैसे भगवान की भक्ति और कथा मनुष्य को संसार के बंधनों से मुक्त करती है। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और उनके दिव्य प्रसंगों को सुनकर भक्ति भाव जागृत हुआ। भारी संख्या में उपस्थित हुए श्रद्धालुओं को किशोरी जी ने व्यास पीठ से सांख्य योग, वेदों, उपवेदों, और पुराणों के बारे में सारगर्भित जानकारी दी।*

## किसान भवन में खुली अटल किसान-मजदूर कैंटीन



**सिरसा।** रानियां में अनाज मंडी के नजदीक किसान भवन में किसान-मजदूर कैंटीन खोली गई है। सोमवार को एसडीएम अर्पित संगल ने अटल किसान-मजदूर कैंटीन का रीबन काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर तहसीलदार शुभम शर्मा, मार्केट कमेटी सचिव दीपक कुमार, सुरेंद्र कुमार सेन, अनाज मंडी के प्रधान सोमनाथ जैन, मुख्तियार सिंह मौजूद रहे। एसडीएम अर्पित संगल ने बताया कि प्रदेश सरकार अनाज मंडी में किसानों और मजदूरों को सस्ती दर पर भोजन मुहैया करवाने के उद्देश्य से अटल किसान मजदूर कैंटीन खोल रही है। इसी कड़ी में रानियां में भी अनाज मंडी के नजदीक किसान भवन में यह कैंटीन खोली गई है। उन्होंने कहा कि इस कैंटीन से सभी मजदूर व किसानों को लाभ होगा। अटल किसान-मजदूर कैंटीन में किसानों और मजदूरों को 10 रुपए प्रति थाली के हिसाब से भोजन दिया जाएगा।



## आईकॉन ऑफ इंडिया-2025 कंपीटिशन 13 अप्रैल को

**सिरसा।** सिरसा के युवाओं के टेलेंट को उभारने के लिए आहुजा प्रोडक्शन की तरफ से आईकॉन ऑफ इंडिया-2025 का आगाज आगामी 13 अप्रेल को आरोमा होटल इन में किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत गीत-संगीत व मॉडलिंग जिसमें हरियाणा, पंजाब, जम्मू, राजस्थान से कलाकार प्रतिभागिता कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। संस्था के निर्देशक यश आहुजा ने बताया कि इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि लॉयन क्लब सिरसा अमर के संस्थापक अध्यक्ष रमेश साहुवाला शिरकत करेंगे, जबकि अध्यक्षता राजकीय प्राथमिक स्कूल की हैड अंजू देवी करेंगी। वहीं गैस्ट ऑफ ऑनर में पंजाबी संगीतकार अरमान गिल व हरियाणवी कलाकार गोस्वामी सिस्टर, अर्पित सर्राफ व साकेत सिंगला अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मॉडल ज्यूरी चंडीगढ़ से सिमरन कौर, राजस्थान से सुहानी सिंह, जम्मू से निशा शर्मा, पंजाब से वाहिश, दिल्ली से रजनी बसीन, सिरसा से सिमरन सेठी व स्मृति सिन्हा भाग लेंगी। आहुजा ने बताया कि 65 प्रतिभागी इस कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम विजेता को 50 हजार रुपए का नकद पुरस्कार तथा ट्रॉफी, सर्टिफिकेट, सैशे, क्राउन व यूजिक विडियो में कास्टिंग तथा द्वितीय विजेता को 30 हजार रुपए नकद तथा ट्रॉफी, सर्टिफिकेट, सैशे, क्राउन व यूजिक विडियो में कास्टिंग तथा तृतीय विजेता को 20 हजार रुपए नकद पुरस्कार तथा ट्रॉफी, सर्टिफिकेट, सैशे, क्राउन व यूजिक विडियो में कास्टिंग दिया जायेगा।

### प्रदेशभर से केवल 8 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया

# इंस्पायर अवॉर्ड के लिए फतेहाबाद के छात्र सुमित का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के गांव नहला स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 12वीं कक्षा के छात्र सुमित का इंस्पायर अवॉर्ड के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। पूरे प्रदेश से केवल 8 विद्यार्थियों का इस अवॉर्ड के लिए चयन किया गया है, जिसमें फतेहाबाद का भी एक छात्र शामिल है। बता दें कि राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्, गुरुग्राम द्वारा इंस्पायर अवाड्र्स के अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। यह प्रतियोगिता ऑनलाइन हुई थी। फतेहाबाद जिले के चयनित छात्र सुमित अब नई दिल्ली में होने वाले इंस्पायर अवॉर्ड के लिए आयोजित की जाने वाली प्रदर्शनी में अपना मॉडल प्रस्तुत करेगा। सुमित इस प्रदर्शनी में एक विशेष विज्ञान प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेगा, जिसमें उसने एक स्कूल बैग के साथ हल्के वजन की टेबल को अटैच किया है। इंस्पायर अवॉर्ड के लिए पहले जिला स्तर पर फतेहाबाद के 50 विद्यार्थियों का चयन किया गया था। इस विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। जहां इनमें से 5 विद्यार्थियों का चयन किया गया था। इसके बाद हुई प्रतियोगिता में इन 5 में से एक विद्यार्थी सुमित का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है।



फतेहाबाद। अपने मॉडल के साथ छात्र सुमित।

## क्या है इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना

*विज्ञान एवम् प्रौद्योगिकी विभाग और नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन, इंडिया इंस्पायर अवार्ड मानक को क्रियान्वित कर रहे हैं। इस पुरस्कार का उद्देश्य 10 से 15 वर्ष की आयु और कक्षा 6-10 के बीच के छात्रों को प्रेरित करना है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर स्कूलों के रचनात्मक सोच प्रतिभाशाली छात्रों के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस योजना के लिए छठी से दसवीं कक्षा तक के सभी छात्र आवेदन कर सकते हैं। यह कार्यक्रम योग्य, प्रतिभाशाली छात्रों को अगला कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है। छात्रों को इस कार्यक्रम के माध्यम से वित्तीय सहायता भी प्राप्त होती है, जिससे उन्हें अपने वित्तीय पक्ष को मजबूत करने में मदद मिलती है। कुछ छात्र इस योजना के माध्यम से विदेश यात्रा करने में भी सक्षम हैं। चयनित विद्यार्थियों को 10 हजार रूपए प्रति विद्यार्थी सहायता प्रदान की जाती है।*

## राष्ट्रपति के मिलने का मिलेगा मौका

सुमित ने अपने प्राध्यापकों के नेतृत्व में अपने आइडिया को मॉडल का रूप दिया जिसमें खास तौर पर उसके मेंटर मनोज कुमार, प्रवक्ता भौतिक ने उसका बहुत मार्गदर्शन किया। यदि राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट मॉडलों की श्रेणी में सुमित का चयन होता है तो उसे राष्ट्रपति से मिलने का मौका मिलेगा। इससे पहले भी इंस्पायर अवॉर्ड के लिए पिछले 2 वर्षों में भी फतेहाबाद के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व किया है। यह बहुत हर्ष का विषय है कि फतेहाबाद जिले के नहला स्कूल के छात्र का इंस्पायर अवॉर्ड के लिए चयन हुआ है। अब यह छात्र राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले इंस्पायर अवॉर्ड कार्यक्रम में भाग लेगा। मैं कामना करती हूँ कि यह छात्र अन्य विद्यार्थियों के लिए रोल मॉडल के तौर पर उभरे और उससे सीख लें। **संगीता बिश्नोई, जिला शिक्षा अधिकारी**



# हरिभूमि सहेली



हमारा शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी बहुत जरूरी है। जब हम महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य की बात करते हैं तो आज की जीवनशैली में अधिकांश महिलाएं कई तरह की मनोवैज्ञानिक समस्याओं से घिरकर मानसिक रूप से अस्वस्थ रहती हैं। समय रहते इन्हें समझना बहुत जरूरी है, क्योंकि इसके घातक परिणाम हो सकते हैं। आजकल महिलाएं किन मानसिक समस्याओं से घिरती हैं, इनके शुरुआती लक्षण क्या हैं, बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखें? विशेषज्ञ की जरूरी सलाह।

## मन को न रखें बीमार रहें हमेशा खुश



कवर स्टोरी
डॉ. विपुल रस्तोगी
सीनियर कंसल्टेंट-साइकेट्रिस्ट

हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य के लिए तो चिंतित रहते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य पर अकसर ध्यान नहीं देते, जो बहुत जरूरी है। दरअसल, समय के साथ समाज बदल रहा है। आज के इस बदलते दौर में लोगों की व्यस्तता बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है। लोगों के पास अपने परिवार के सदस्यों तक के लिए समय नहीं रहता। ऐसी जीवनशैली के प्रभाव से महिलाएं भी अछूती नहीं हैं। जहां एक ओर होममेकर्स पर खुद को ऑलराउंडर साबित करने का सामाजिक दबाव रहता है, वहीं काम-काजी महिलाओं के सामने घर और ऑफिस की दोहरी जिम्मेदारी और खुद को बेहतर साबित करने की चुनौती होती है। दोहरी जिम्मेदारियां निभाते हुए वे शारीरिक और मानसिक थकान से जूझ रही होती हैं। घर और बाहर की जिंदगी के बीच संतुलन स्थापित करने की कोशिश में वे दिन-रात जुटी रहती हैं। इसी दबाव की वजह से हमेशा उनका मन अशांत और उदास रहता है, वे स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की शिकार हो जाती हैं। यहां हम जानते हैं, कुछ ऐसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं के बारे में, जिनकी गिरफ्त में आकर अधिकांश महिलाएं परेशान रहती हैं साथ ही यह भी जानते हैं कि इनसे कैसे उबरें-



**मेंटल स्ट्रेसः** पुराने समय की तुलना में आज की महिलाओं का जीवन ज्यादा मुश्किलों से भरा है। संयुक्त परिवार तेजी से टूट रहे हैं, शहरों में न्यूक्लियर फैमिलीज की संख्या बढ़ती जा रही है। खासतौर पर महानगरों की संस्कृति ऐसी है कि वहां के अपार्टमेंट्स में रहने वाले लोग अपने पड़ोसियों से ज्यादा मिलना-जुलना पसंद नहीं करते। ऐसी स्थिति में होममेकर्स के आस-पास कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होता, जिसके साथ वे अपने मन की बातें शेयर कर सकें, ऐसे में उनका तनाव बढ़ने लगता है। मनासिक तनाव की स्थिति में ब्रेन से कार्टिसोल नामक हार्मोन का सिक्रीशन बढ़ने लगता है, जो तनाव बढ़ाता है।



**प्रमुख लक्षणः** उदासी, चिड़चिड़ापन, थकान, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, कार्य क्षमता का घटना और मामूली बातों पर निराश हो जाना, मेंटली स्ट्रेस्ड होने के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसी स्थिति में कई बार अनिद्रा, सिर या हाथ-पैरों में दर्द, भोजन में अरुचि होना और पाचन में गड़बड़ी जैसे शारीरिक लक्षण भी नजर आते हैं।

**बचाव-उपचारः** नए लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, प्रियजनों के साथ दिल की बातें शेयर करें, म्यूजिक सुनने, बागवानी या स्पोर्ट्स जैसी एक्टिविटीज में अपनी सक्रियता बढ़ाएं। नियमित रूप से योगासन और प्राणायाम करें। अपनी कार्यक्षमता की सीमाएं पहचानें और जो कार्य बहुत ज्यादा मुश्किल हों, उसके लिए न कहना सीखें। सही ढंग से टाइम मैनेजमेंट करते हुए अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। अगर इन प्रयासों के बावजूद तनाव कम न हो तो मनोवैज्ञानिक सलाहकार से संपर्क करें। वे कॉग्नेटिव बिहेवियर थेरेपी की मदद से इस समस्या का समाधान करेंगे।

**एंग्जायटीः** यह ऐसी मनोदशा है, जिसमें व्यक्ति को अत्यधिक चिंता, डर या बेचैनी महसूस होती है। वर्तमान दौर में घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारियां, जीवन के हर क्षेत्र में खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करने की होड़, बच्चों की परवरिश से जुड़ी चुनौतियां और लोन की ईएमआई चुकाने की चिंता जैसी परेशानियों के कारण आजकल महिलाओं में एंग्जायटी की समस्या तेजी से बढ़ रही है। खान-पान की गलत आदतों के कारण होने वाले हार्मोन संबंधी असंतुलन को भी इसके लिए जिम्मेदार माना जाता है।

**प्रमुख लक्षणः** मन में बार-बार नकारात्मक विचार आना, हमेशा सशंकित रहना, वर्तमान को छोड़कर भविष्य के बारे में लगातार सोचते रहना, खुद को लाचार महसूस करना, दिल की धड़कन का तेज होना, पसीना आना, अनावश्यक थकान और सांस लेने में तकलीफ होना।



**बचाव-उपचारः** सोने-जागने का समय सुनिश्चित करें, जब मन परेशान हो तो गहरी सांस लें, योग और ध्यान करें, करीबी लोगों के साथ इस समस्या के बारे में खुलकर बातचीत करें, हमेशा अच्छा सोचें और मोटिवेशनल किताबें पढ़ें। इन प्रयासों के बावजूद अगर आपकी मनोदशा में कोई बदलाव न आए तो एक्सपर्ट से सलाह लें। काउंसलिंग और दवाओं की मदद से यह समस्या दूर हो जाती है।

**डिप्रेशनः** अगर किसी व्यक्ति के मन में उदासी और खालीपन की भावना लंबे समय तक बनी रहे तो ऐसी मनोदशा को डिप्रेशन कहा जाता है। आजकल महिलाओं में यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। खासतौर पर डिलीवरी के बाद हार्मोन संबंधी असंतुलन, नवजात शिशु की देखभाल की वजह से दिनचर्या में अचानक आने वाला बदलाव, नींद की कमी और करियर की चिंता के कारण अधिकतर महिलाओं को अवसाद का सामना करना पड़ता है। इस तरह की समस्या को पोस्टपार्टम डिप्रेशन कहा जाता है। इसी तरह आजकल मिडिल एज महिलाओं में भी डिप्रेशन के लक्षण नजर आते हैं, क्योंकि उम्र के इस दौर में अधिकतर परिवारों की युवा संतानें उच्च शिक्षा या जॉब की वजह से घर से दूर चली जाती हैं। पति अपनी प्रोफेशनल लाइफ में बिजी रहते हैं, ऐसी स्थिति में अकेलेपन की वजह से महिलाओं के मन में गहरी उदासी की भावना घर कर जाती है। ऐसी मनोदशा को एंप्टीनेस सिंड्रोम कहा जाता है।

**लक्षणः** हमेशा अकेलापन और खालीपन महसूस करना, ज्यादा सोना या अनिद्रा, ओवर ईटिंग या भूख न लगना, अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में भी दिलचस्पी कम होना, निर्णय लेने में कठिनाई महसूस होना, मन में हीन भावना पैदा होना, आत्मविश्वास में कमी महसूस होना।

**बचाव-उपचारः** अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखें, खुशमिजाज लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, कॉमेडी शोज देखें, मॉर्निंग वॉक और एक्सरसाइज करें, बच्चों के साथ वक्त बिताएं, पर्यटन स्थलों पर घूमने-फिरने जाएं, धार्मिक गतिविधियों में शामिल हों, बागवानी करें या घर में कोई पालतू जानवर रखें, फोन पर दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ गपशप करें। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास डिप्रेशन दूर करने में मददगार होते हैं। जरूरत महसूस होने पर साइकेट्रिस्ट से सलाह लें। उपचार की मदद से इस समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है।

प्रस्तुतिः विनीता

## थोड़ा फूल बनकर-थोड़ा बनाकर हंसिए खुलकर

इस आपा-धापी भरी जिंदगी में जब भी हंसने-हंसाने का मौका मिले, चूकना नहीं चाहिए। फर्स्ट अप्रैल यानी फूल-डे जैसे अवसर पर फूल बनने या बनाने का मौका बिल्कुल भी नहीं छोड़ना चाहिए।

एंज्वॉयमेंट
चेतना झा

*मेरे दिलवर, यह खत पाकर तुम शायद चौंक जाओ! चौंकने की बात भी है! मोबाइल कॉल, व्हाट्सएप, मैसेंजर के जमाने में खत! फ्रोजन शोल्डर, बढ़ी तोंद और सफेदी झांकते बाल के दौर में प्रेम पत्र! सच पूछो तो बस पंद्रह साल की देर हुई। यह खत तो तुम तक तभी पहुंचना था, जब कॉलेज में मेरी बेंच के पीछे तुम बैठा करते थे। याद है ना, दो चोटी वाली वह लड़की! नहीं याद आई? चलो और बताती हूं, वही जो तुम्हें कभी-कभी चोर निगाहों से देख लिया करती थी। अब भी नहीं पहचाने? ओह, वही जिसके नाक अकसर सुड़कती रहती थी। अब तो मैं तुम्हारे पड़ोस में आ गई हूं। खत मिलते ही छत पर चले आना, मैं तुम्हें सामने की बालकनी में दिखूंगी। तुम्हारी प्रतीक्षा में...*

*-तुम्हारी प्रिया*



सुबह अखबार उठाने के लिए मेन गेट तक आए सौरभ ने जब गुलाबी लिफाफे में यह खत देखा तो चौंककर वह आस-पास देखने लगा। मन ही मन सोचने लगा, 'किसी ने देखा तो नहीं। किसने भेजा यह खत? कॉलेज के दिनों की ऐसी किसी लड़की का तो मुझे याद ही नहीं। चलो एकांत में आज कॉलेज के साथी दुर्गेश से इसकी चर्चा करता हूं। शायद उसे याद हो।' पत्नी सोनम खिड़की से चिंतामग्न पति को देख कर मंद-मंद मुस्कुरा रही थी। भीतर आने पर चाय का प्याला पकड़ा कर शर्ट की पॉकेट से झांकते गुलाबी लिफाफे के बारे में पूछा तो पति महोदय घबरा उठे, 'कुछ नहीं.. कुछ नहीं... पेपर में आज विज्ञापन का पन्ना था, सो वही है।' अनमने ढंग से चाय पीते पति और उन्हें देख मुस्कुराती रही पत्नी। आज की सुबह तो वाकई खास थी। तभी पति कुर्सी पर से उठे तो पत्नी ने पूछा, 'कहां चल दिए, छत पर? उस दो चोटी वाली और नाक सुड़काने वाली प्रियतमा से मिलने!' पति अकबकाए खड़े और पत्नी हंसते-हंसते दोहरी होती जा रही। फिर बोली, 'अप्रैल फूल बनाया तो उनको...!' अब तो पति भी हंसते-हंसते बेहाल।

**थोड़ा बनिए-थोड़ा बनाइएः** बेशक अपनों के साथ हंसी-मजाक के लिए किसी विशेष दिन की दरकार नहीं होती। साथ ही अपनों को मूर्ख बनाने के संग, उनसे मूर्ख बनने का भी अपना एक अलग मजा है। ऐसे में अगर बात मूर्ख दिवस यानी फर्स्ट अप्रैल की आती है तो वैसा ही लाइसेंस-सा मिल जाता है, जैसा अभी-अभी बीते त्योहार होली में रंग लगाने पर मिला था 'बुरा ना मानो होली है...!'

तो तैयार हो जाइए, थोड़ा फूल बनाइए, थोड़ा बनिए और जिंदगी में फूलों सी मुस्कान बिखेरिए।

**रिश्तों का रिफ्रेश बटनः** गंभीरता का लबादा उतार कर अपनों के साथ की गई मीठी शरारतें यकीनन आपके रिश्तों पर रिफ्रेश बटन दबाने सरीखी होंगी। अप्रैल फूल बनने-बनाने के लिए एक दिन तो सीमाओं को तोड़िए, कभी कलीग से तो कभी दोस्तों से कुछ ऐसी चुहल कर अंत में बोलिए, 'अप्रैल फूल!' इसके बाद तो वे लंबे समय तक आपका नाम सामने आते ही मुस्करा देंगे, 'अरे वो...!' सिर्फ दोस्तों के साथ ही नहीं, अपने माता-पिता के साथ भी ऐसा कीजिए।

**मुस्कुराहट का कार्यस्थलः** थोड़ी शरारत तो कलीग्स से भी बनती है। एक बार ऑफिस ग्रुप में सबको भेज दीजिए, जल्दी आने और मीटिंग की सूचना और खुद आप आइए इत्मीनान से और फिर कहिए वही, 'अप्रैल फूल बनाया...!' किसी कलीग की पीठ पर 'किक मी' का मैसेज लगाकर देखिए। पूरा ऑफिस मुस्कुराता काम करेगा, इस दिन। क्रीमी बिस्किट की क्रीम हटा कर उसमें टूथपेस्ट सजाना, कंप्यूटर के पास नकली गिरगिट या सांप रख देना...! आइडिया तो बहुत हैं, आपको ही ढूंढ़ना होगा।

## न्यूट्रिशस डाइट से आप रहेंगी मेंटली हेल्दी

सजेशन
ललिता गोयल

मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए जीवनशैली में जरूरी बदलावों के साथ ही आपको अपनी डाइट पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर आपका मूड स्विंग होता है, आप अकसर तनावग्रस्त रहती हैं या बेवजह डिप्रेशन फील करती हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि आप किसी तरह के मानसिक रोग का शिकार हैं। हो सकता है, आपके शरीर में कुछ पोषक तत्वों की कमी की वजह से आपको इन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हो। यह समझना बहुत जरूरी है कि बेहतर मेंटल हेल्थ के लिए हेल्दी खान-पान भी जरूरी होता है। कुछ फूड्स हमारी मेंटल हेल्थ को बेहतर करने में मददगार होते हैं।

**साबुत अनाजः** साबुत अनाज जैसे कि कॉर्न, बारले और क्विनोआ, ओट्स, बींस, सोया अपनी डाइट में शामिल करने से ओवरऑल मेंटल हेल्थ बेहतर होती है। ये अनाज डिप्रेशन, एंग्जायटी से बचाव में भी मदद करते हैं।



**हरी पत्तेदार सब्जियांः** भोजन में पालक और अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से मेंटल हेल्थ को लाभ मिलता है। इन पत्तेदार सब्जियों में ओमेगा 3 फैटी एसिड, मैग्नीशियम और आयरन जैसे महत्वपूर्ण न्यूट्रिएंट्स भी पाए जाते हैं, जो मेंटल हेल्थ के लिए काफी जरूरी होते हैं।

**बेरीजः** एक रिसर्च के अनुसार बेरीज खाने से मूड बेहतर करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही ये डिप्रेशन के लक्षणों को भी कम करता है।

**सूखे मेवेः** सूखे मेवे जैसे कि काजू, बादाम, अखरोट, किशमिश और सीड्स जैसे चिया सीड्स में ओमेगा 3 फैटी एसिड एवं अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये मूड और मेंटल हेल्थ को बेहतर करने में मदद करते हैं।

**टमाटरः** टमाटर में मौजूद फाइटोन्यूट्रिएंट लाइकोपीन, अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी दिमाग से जुड़ी बीमारियों से बचाव करने में मदद करता है। इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

**केलाः** केले में विटामिन-बी 6 पाया जाता है, जो दिमाग के न्यूरोट्रांसमीटर सेरोटोनिन और डोपामाइन का संचार बढ़ाता है। इससे मूड अच्छा होने में मदद मिलती है।

**(डायटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)**

स्पेशल : ऑटिज्म अवेयरनेस मंथ (अप्रैल)


आजकल बच्चे अपना ज्यादातर समय स्मार्ट गैजेट्स के साथ बीता रहे हैं, इसका बच्चों के समग्र विकास पर बुरा प्रभाव पड़ता है। वे ऑटिज्म का शिकार हो रहे हैं। समय रहते हमें अपने बच्चों को ऑटिज्म की ओर बढ़ने से रोकना होगा। यह कैसे संभव है, जरूरी सलाह।

## स्क्रीन वर्ल्ड में खोए बच्चे ऑटिज्म का जोखिम

बच्चे और आप
डॉ. मोनिका शर्मा

आजकल बच्चों के पास स्मार्ट गैजेट्स होना आम बात है। बोलने-समझने की उम्र से पहले ही स्क्रीन में झांकते रहने की आदत इन मासूमों के सहज विकास में बड़ी बाधा बन गई है। कभी गेम, कभी कार्टून फिल्म। पलक तक झपकाना भूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों का स्क्रीन वर्ल्ड में खोए रहना बहुत-सी व्याधियों को न्योता देता है। परवरिश के परंपरागत रंग-ढंग की जगह ले रहा तकनीकी जाल, बच्चों को वर्चुअल ऑटिज्म का शिकार बना रहा है। बहुत छोटे बच्चों में स्क्रीन यानी टेलीविजन, स्मार्ट फोन, टैबलेट जैसे गैजेट्स के अत्यधिक इस्तेमाल से वर्चुअल ऑटिज्म की समस्या पैदा होती है। आभासी संसार में खोए रहने वाले बच्चे सामाजिक संपर्क बनाने में असहज महसूस करते हैं। देरी से बोलना सीखते हैं। दूसरी की बात समझने में कठिनाई होने लगती है। कई मामलों में दोहराव पूर्ण व्यवहार जैसे कई लक्षण उनमें दिखाई देने लगते हैं।

**समस्याओं का घेराः** हालिया वर्षों में पैरेंटिंग के मोर्चे पर डिजिटल गैजेट्स के इस्तेमाल की अति से बच्चों को बचाने की जिम्मेदारी भी जुड़ गई है। यह डिजिटल व्यस्तता बालमन को कमोबेश हर मामले में नुकसान पहुंचाने वाली है। बच्चों के मानसिक-मनोवैज्ञानिक विकास को प्रभावित करने वाली वर्चुअल ऑटिज्म प्रॉब्लम, कई दूसरी व्याधियों की भी जड़ है। चिंतनीय है कि जीवन के शुरुआती पड़ाव पर ही स्क्रीन को देखते रहने से वर्चुअल ऑटिज्म के घेरे में आ रहे बच्चों का अटेंशन स्पैन (एकाग्रता अवधि) भी कम हो जाता है। बर्ताव में चिड़चिड़ापन और विचारों में उलझन-अस्पष्टता जगह बना लेती है। कई बार पुकारे जाने पर भी रिएक्ट नहीं करते। ऐसे बच्चे हाइपर एक्टिव हो जाते हैं। बहुत से बच्चे अपने पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर या किसी ऑनलाइन खेल के कैरेक्टर की तरह बोलने-बतियाने लगते हैं। कम उम्र में बढ़ते स्क्रीन टाइम से न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के घेरे में आ रहे हैं। आम जीवन से कट जाने वाले ऐसे बच्चे फोकस्ड नहीं रह पाते। किसी भी बात या काम पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाना आगे चलकर व्यक्तिगत ही नहीं, अकादमिक जीवन को भी प्रभावित करता है।



**गैजेट एक्सपोजर घटाएं पैरेंट्सः** गैजेट्स के साथ बहुत अधिक समय बिताने वाले बच्चों को हरदम स्क्रीन पर दिखते कंटेंट से एकतरफा संवाद सुनने की आदत हो जाती है, जिसके चलते सहजता से कुछ बोल नहीं पाते। बातचीत के सहज हाव-भाव नहीं सीखते। पहले बहुत छोटे बच्चों का यह समय घर के बड़े-बुजुर्गों या पैरेंट्स के साथ बीतता था। सहज इंसानी बातचीत सुनते हुए बड़े होने वाले बच्चे भी आसानी से बोलना सीख जाते थे। हर तरह के मनोभाव को जताना उन्हें आ जाता था। बच्चों के बढ़ते स्क्रीन टाइम ने दूसरों की बातों को सुनना-समझना भुला दिया है। बालमन सहज प्रतिक्रिया भूल गया है। बच्चे दूसरों से मेल-जोल में भी असहज महसूस करते हैं। इन समस्याओं का हल गैजेट्स से दूरी बरतना ही है। संभव हो तो पांच साल की उम्र तक के बच्चों को डिजिटल उपकरणों से पूरी तरह दूर रखें। वर्चुअल ऑटिज्म पांच-सात वर्ष से छोटे बच्चों में ही अधिक होता है। इस आयुवर्ग तक के बच्चों के साथ समय बिताने में पैरेंट्स भी रुचि लें।

### समय रहते चेतें



**आज के** तकनीकी दौर में परवरिश के मोर्चे पर सामने आ रही वर्चुअल ऑटिज्म की समस्या को लेकर समय रहते चेतना जरूरी है। बच्चों को वर्चुअल दुनिया नहीं, बल्कि असली संसार से जोड़ना आवश्यक है। मनोरंजन के परंपरागत माध्यमों का चुनाव, घर के बुजुर्गों का साथ-संवाद और गैर-डिजिटल गतिविधियों को बढ़ावा देना ही इस समस्या से बचा सकता है। अप्रैल का यह पूरा महीना ऑटिज्म की प्रॉब्लम्स को लेकर अवेयरनेस लाने से जुड़ा है। ऐसे में वर्चुअल ऑटिज्म के जोखिम में आ रहे बच्चों को लेकर भी जागरूक होना आवश्यक है।



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

अगर आप डेंड्रफ की प्रॉब्लम से परेशान हैं तो दवाइयों या केमिकल बेस्ड कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स की बजाय कुछ होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं। ये रेमिडीज आप बहुत आसानी से घर में कर सकती हैं और इसके बहुत अच्छे परिणाम आते हैं।

## क्या आप डेंड्रफ से हैं परेशान अप्लाई करें ये होम रेमिडीज

सिर के बालों में डेंड्रफ यानी रूसी होना कॉमन प्रॉब्लम है। मौसम कोई भी हो, बालों में रूसी की समस्या कुछ लोगों को बहुत परेशान करती है। आयुर्वेद के अनुसार पित्त और कफ के असंतुलित हो जाने के कारण यह समस्या होती है। हमारे शरीर में उपस्थित कफ और वात के असंतुलित हो जाने पर यह रक्त में मिलकर खून को गंदा कर देते हैं। यही सिर के रोम छिद्र को बंद कर देते हैं। जिससे सिर की त्वचा रूखी होने लगती है और सिर पर पपड़ी जमने लगती है, जिसे रूसी कहते हैं। डेंड्रफ न केवल देखने में खराब लगता है बल्कि खुजली और जलन भी पैदा करती है। स्कैल्प में होने वाला डेंड्रफ फंगस के कारण होता है, जो सिर की सतह से सीबम और डेड स्किन सेल्स से बढ़ता है। डेंड्रफ के फ्लेक्स, छोटे-बड़े कई आकार के हो सकते हैं और बालों में कंघी करने से भी नहीं निकलते हैं।

**डेंड्रफ होने के कारणः** डेंड्रफ कई कारणों से हो सकता है, जिनमें शुष्क त्वचा, तैलीय त्वचा, फंगल इंफेक्शन, विटामिन-बी की कमी, मानसिक तनाव और कुछ मेडिकल कंडीशंस भी शामिल हैं। इनके अलावा केमिकल युक्त हेयर प्रोडक्ट्स का यूज करने, अस्त-व्यस्त जीवनशैली, बालों में गंदगी, बालों की सही देख-रेख न करने और रोज गर्म पानी से सिर धोने पर भी डेंड्रफ हो सकती है। इससे निजात पाने के लिए आप कुछ होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।



**नारियल तेल है कारगरः** नारियल के तेल से स्कैल्प की मालिश करने से सिर में रक्त संचार बढ़ता है। नारियल का तेल लगाने से स्कैल्प मॉयश्चराइज होती है, जिससे डेंड्रफ को कम करने में मदद मिलती है। हल्का गर्म करके नारियल का तेल स्कैल्प पर लगाएं और कुछ घंटों के लिए छोड़ दें। फिर माइल्ड शैंपू से धो लें। इससे काफी राहत मिलेगी।

नारियल तेल और नीबू के रस को बराबर मात्रा में मिलाएं। इस मिश्रण को आप अपने स्कैल्प पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। इसे एक घंटे तक लगा रहने दें और फिर शैंपू कर लें। बेहतर परिणाम के लिए आप इसको हफ्ते में तीन बार इस्तेमाल कर सकती हैं।

**यूज करें एलोवेरा जैलः** डेंड्रफ की समस्या खत्म करने के लिए बालों पर एलोवेरा लगाना भी काफी फायदेमंद माना जाता है। एलोवेरा अपने एंटीफंगल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण डेंड्रफ के लिए प्रभावी होता है। यह खुजली और सिर की जलन को शांत करने में भी मदद कर सकता है। इसके लिए एलोवेरा जैल को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं। इसे 30 मिनट से एक घंटे तक लगा रहने दें और फिर हल्के शैंपू से अच्छी तरह धो लें। आप इस प्रक्रिया को हफ्ते में 2-3 बार दोहरा सकती हैं। हालांकि सीधे बालों पर एलोवेरा जैल लगाने से पहले आपको एक बार पैच टेस्ट अवश्य कर लेना चाहिए।



एलोवेरा जैल में नीबू के रस की कुछ बूंदें और ग्लिसरीन मिला लें। अब इस मिश्रण से स्कैल्प पर मसाज करें। 15 मिनट मसाज करने के बाद इसे 15 मिनट के लिए लगा रहने दें। उसके बाद गुनगुने पानी से बालों को धो लें। बालों को धोने के लिए माइल्ड शैंपू और कंडिशनर का ही इस्तेमाल करें।

**अप्लाई करें दहीः** दही में एंटीफंगल गुण होते हैं, जो डेंड्रफ को कम करने में मदद करते हैं। दही को बालों की जड़ों से सिरों तक अंगुलियों से मलते हुए लगाएं और आधे घंटे बाद बालों को ताजे पानी से धो डालें। इससे बालों की अच्छी सफाई हो जाती है और डेंड्रफ दूर होते हैं। दही में नीबू का रस, बेसन मिलाकर सिर पर लगाने से भी डेंड्रफ दूर होता है। दही और एलोवेरा जैल का मिश्रण भी बालों के डेंड्रफ का प्रभावी उपाय है।



**मेथी दानाः** डेंड्रफ हटाने के लिए मेथी के दानों को रात भर पानी में भिगोकर रखें। अगली सुबह इन दानों को पीसें और बालों पर लगाकर आधे घंटे बाद ताजे साफ पानी से धो डालें। मेथी, डेंड्रफ दूर करने के साथ बालों की कई समस्याओं को दूर कर देती है।

## खबर संक्षेप

### शिविर में 50 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**सिरसा।** नवसंवत के अवसर पर विवेकानंद स्मारक समिति ने श्री गौशाला में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र रातुसरिया ने की। राजेंद्र रातुसरिया ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा दिए गए रक्त की एक बूंद किसी अमूल्य व्यक्ति की जिंदगी को बचा सकती है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति साल में कम से कम दो बार रक्तदान अवश्य करे। शिविर में 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया।

### बाइक सवार युवक को हेरोइन सहित पकड़ा

**डबवाली।** सीआईए स्टाफ डबवाली टीम ने गांव घुकांवाली से 6 ग्राम 62 मिलीग्राम हेरोइन सहित मोटरसाइकिल सवार युवक को काबू किया है। सीआईए प्रभारी राजपाल ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान हरमेश उर्फ काला पुत्र बाबू सिंह निवासी घुकांवाली के रूप मे हुई है। उन्होंने बताया कि एएसआई प्रीतम सिंह औढां से गांव घुकांवाली रोड पर मौजूद थे कि एएसआई को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली कि हरमेश उर्फ काला हेरोइन बेचने का काम करता हैं। सूचना पाकर पुलिस टीम ने मम्मड़ नहर पुल के पास वाहनों की तलाश शुरू कर दी।

### मंदिर के बाहर से बाइक चोरी, केस दर्ज

**सिरसा।** नोहरिया बाजार स्थित श्याम मंदिर के बाहर से चोर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में रोड़ी बाजार निवासी ऋषब गोयल ने बताया कि बीती 29 मार्च की शाम को वह श्याम मंदिर में गया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

### यज्ञ कर मांगी देशवासियों के लिए सुख-समृद्धि

**सिरसा।** नवसंवत के अवसर पर श्री सनातन धर्म सभा मंदिर में देशवासियों की सुख समृद्धि के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी हंसराज शर्मा, सहायक सुरेंद्र शर्मा ने विधि विधान से हवन यज्ञ की प्रक्रिया को संपन्न करवाया। हवन यज्ञ में मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों के अलावा उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी आहुति डालकर पुण्य कमाया। सभी ने एक-दूसरे को हिंदु नववर्ष की शुभकामनाएं दी। श्री सनातन धर्म सभा सिरसा के सचिव सुरेश वत्स ने कहा कि हवन यज्ञ से न केवल वातावरण की शुद्धि होती है, बल्कि हवन यज्ञ का सनातन धर्म में विशेष महत्व है।

### संचालित शिविर अभियान का समापन

**सिरसा।** संस्कृत भारती द्वारा संस्कृत सिखाने के लिए 21 स्थानों पर संस्कृत कक्षाओं का संचालन किया गया। इन कक्षाओं में लगभग पांच सौ छात्रों ने संस्कृत भाषा का ज्ञान प्राप्त किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता नरेंद्र कुमार ने कहा कि अभियान से संस्कृत भाषा लोकप्रिय हो रही है। हमारे संभाषण शिविरों में प्रतिष्ठित सामाजिक लोगों ने भाग लिया है। उन्होंने कहा कि संस्कृत का ज्ञान हमारी संस्कृति को बाहरी आघात से बचाता है और यह भाषा प्राचीन ज्ञान परंपरा से हमें जोड़ती है।

### पंजुआना गोशाला में भेंट किया वाटर कूलर

**सिरसा।** श्री कृष्ण परनामी गौशाला-नंदीशाला पंजुआना में जयदेव-सहदेव ट्रस्ट की ओर से समाजसेवी ललित जैन ने वाटर कूलर भेंट किया। वहीं गौवंश के बेहतर पालन-पोषण के लिए 2.51 लाख रुपए की राशि सहयोग स्वरूप भेंट की। गौशाला के प्रधान मुलखराज ने कमेटी पदाधिकारियों सहित समाजसेवी ललित जैन का फूल मालाओं से स्वागत किया और गौशाला में दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

---

समाज कल्याण विभाग व स्वास्थ्य विभाग ने किया सम्मानित

# जीजीएचएस कागदाना की छात्राओं ने परीक्षा में लहराया परचम, डिंपल रही प्रथम

- प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 75,000, मोनिका को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 45,000 का इनाम मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

समाज कल्याण विभाग व स्वास्थ्य विभाग सिरसा द्वारा मार्च 2023 की दसवीं कक्षा की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली जीजीएचएस कागदाना की छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डिंपल पुत्री प्रेम शर्मा को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 75000, मोनिका पुत्री रमेश शर्मा को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 45000 तथा अनु पुत्री सुखराम को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 30000 रुपए की सम्मान राशि प्रदान की गई। विद्यालय की इस शानदार उपलब्धि पर प्राचार्य ओम प्रकाश ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता इन छात्राओं की कड़ी मेहनत, माता-पिता के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। जीजीएचएस कागदाना का नाम रोशन करने के लिए मैं सभी छात्राओं, स्कूल स्टाफ और अभिभावकों को हार्दिक बधाई देता हूं। आशा है कि भविष्य में भी हमारे विद्यार्थी इसी तरह सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य सुनील बैनीवाल, राजीव बैनीवाल, मोहन लाल बाजिया, श्याम सुंदर सैनी, अजय कुमार नेहरा, कृष्ण कुमार, राखी, सुमन, सतबीर सिंह, सुरेंद्र बल्हारा, राजेश कुमार, निर्मला देवी, सीमा देवी एवं भीम सिंह उपस्थित रहे। साथ ही छात्राओं के अभिभावक रमेश शर्मा, प्रेम शर्मा और सुखराम, एसएमसी प्रधान रामसिंह एवं ग्राम पंचायत के सदस्य भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। सभी ने छात्राओं को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं।



सिरसा। छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य ओमप्रकाश।

---



भूना। आदर्श भारती स्कूल में अव्वल रहे विद्यार्थी।

## आदर्श भारती स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम किया घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

आदर्श भारती स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम आज घोषित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्रबंध निदेशक सुभाष बिश्नोई और प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश खीचड़ ने दीप प्रज्वलित कर की। इस मौके को स्कूल ने उत्सव के रूप में मनाया। विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों ने भी उत्साह से भाग लिया। प्राचार्य कृष्ण धारणिया ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। उन्होंने बताया कि सभी कक्षाओं का परिणाम सराहनीय रहा। कक्षा पहली के जैस्मिन सेक्शन में 24 और डेजी सेक्शन में 13 विद्यार्थियों को प्रथम रैंक मिली। कक्षा दूसरी के डेजी और लिली सेक्शन में 22-22 विद्यार्थियों को प्रथम रैंक दी गई। कक्षा तीसरी के लिली और डेजी सेक्शन में 25-25 विद्यार्थियों को प्रथम रैंक मिली। कक्षा चौथी के दोनों सेक्शन में 22-22 विद्यार्थियों को प्रथम रैंक दी गई। कक्षा पांचवीं में डेजी सेक्शन के 28 और लिली सेक्शन के 24 विद्यार्थियों को प्रथम रैंक मिली।

---

*प्लांट में बन रहे प्रोडक्ड की विस्तृत जानकारी दी*

## विद्यार्थियों ने वीटा मिल्क प्लांट का किया भ्रमण शैक्षणिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौ. देवीलाल इंजीनियरिंग कालेज पन्नीवालामोटा के फूड टैक्नोलोजी विभाग के विद्यार्थियों को सिरसा स्थित वीटा मिल्क प्लांट का भ्रमण करवाया गया। यह जानकारी देते हुए विभाग की हेड डा. रजनी कंबोज ने बताया कि विद्यार्थियों को सिरसा मिल्क प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने मिल्क प्लांट का भ्रमण किया और वहां बनाए जा रहे प्रोडक्ड के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। डा. रजनी कंबोज ने कहा कि भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक ज्ञान हासिल करवाना था। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को समय-समय पर शैक्षणिक भ्रमण करवाया जाता है। इस दौरान फूड टैक्नोलोजी विभाग के डा. रूपिंद्र सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।




सिरसा। वीटा मिल्क प्लांट का भ्रमण करने पहुंचा विद्यार्थियों का दल।

### खेत से सोलर का स्टार्टर चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव खेड़ी में चोर एक किसान के खेतों में लगा सोलर का स्टार्टर चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में रोहताश कुमार ने बताया कि उसने खेतों में रोटोसोल कंपनी का पैनल लगाया हुआ है। उसने बताया कि 24 मार्च की शाम को वह खेतों से घर आ गया। देर रात को चोरों ने खेतों में घुसकर सोलर का स्टार्टर चोरी कर लिया। सुबह जब वह खेतों में गया तो उसे घटना का पता चला। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन स्टार्टर का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

## अंबाला बना शाह सतनामजी फुटबॉल चैंपियनशिप का विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

एमएसजी भारतीय खेल गांव में आयोजित दो दिवसीय शाह सतनामजी फुटबॉल चैंपियनशिप संपन्न हो गई। समापन समारोह पर शिक्षा विभाग से एईओ अनिल कुमार, शाह सतनामजी शिक्षण संस्थान की प्रबंधन समिति के सदस्य रिटायर्ड कर्नल नरेंद्र पाल सिंह तूर, शाह सतनामजी बॉयज कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. दिलावर सिंह, स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश धवन, शाह सतनामजी शिक्षण संस्थान के स्पोर्ट्स इंचार्ज अजमेर सिंह व हॉस्टल वार्डन सुनील सहित अन्य मेहमान शामिल हुए। अतिथियों ने फुटबॉल चैंपियनशिप अंडर-17 लडक़ों की विजेता बनी अंबाला की टीम को 15 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी तथा उपविजेता बनी एमएसजी मीत फुटबॉल क्लब की टीम को 11 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं उपविजेता टीम एमएसजी मीत क्लब के पार्थ को टूर्नामेंट का बेस्ट गोलकीपर व विजेता टीम अंबाला के स्पर्श को टूर्नामेंट का ऑलराउंडर बेस्ट प्लेयर चुना गया।



सिरसा। विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथि।

---

## एड्स के खिलाफ लड़ाई रहनी चाहिए जारी: ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब द्वारा एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रंजना ग्रोवर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम एड्स के खिलाफ लड़ाई में लोगों को एकजुट करने के लिए एक सतत प्रयास है। उन्होंने कहा कि हम सभी को नए एचआईवी संक्रमणों को रोकने और विश्व स्तर पर एचआईवी से पीड़ित सभी लोगों को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता में दृढ रहना चाहिए। उन्होंने युवाओं से सही मार्ग अपनाने तथा इस जागरूकता को अपने परिजनों और समाज के बीच जाकर चलाने की सलाह भी दी। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मंजू देवी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य एड्स संक्रमण के तरीकों, रोकथाम व उपचार के बारे में सभी को शिक्षित करना था। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से संदेश दिया कि देश को एड्स मुक्त बनाना है तो लोगों को बिना झिझक इसके बारे में बात करनी होगी एवं एक-दूसरे को जागरूक करना होगा।

*27 सदस्सीय जिला कमेटी का गठन किया*

## सीपीआई का जिला प्रतिनिधि सम्मेलन का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी का 15वां जिला प्रतिनिधि सम्मेलन सोमवार को शहीद करतार सिंह सराभा भवन में हुआ। हरियाणा राज्य सह सचिव तिलक राज विनायक ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन व्योवृद्ध गुरदीप सिंह सिद्धू अमृतसर कलां ने झंडारोहण करके किया। लक्ष्मन सिंह शेखावत, प्रितपाल सिंह सिद्धू व मनोज पचेरवाल तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने सम्मेलन की अध्यक्षता की। जिला सचिव जगरूप सिंह चौबुर्जा ने बीते कालखंड में बिछुड़ चुके संघर्ष के साथियों को श्रद्धांजलि देने के उपरांत पिछले कार्यों पर अपनी रिपोर्ट पेश की, जिस पर सदन के सदस्यों ने अपने वक्तव्य देते हुए उस रिपोर्ट को विस्तार दिया। प्रतिनिधि साथियों ने दूसरे सत्र में सभी मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा में भाग लिया। प्रतिनिधि साथियों में से 27 सदस्सीय जिला कमेटी का गठन किया गया। 5 सदस्यीय सचिव मंडल में सचिव लक्ष्मन सिंह शेखावत के साथ प्रितपाल सिंह सिद्धू, हरदेव सिंह जोश, मनोज पचेरवाल व जगदीश चन्द्र डबवाली को सहायक सचिव चयनित किया गया



सिरसा। सम्मेलन को संबोधित करते वक्ता।



सिरसा। विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित करते।

### क्रिकेट लीग-2 में विधि विभाग की टीम विजेता

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा क्रिकेट लीग-2 का आयोजन किया गया। इस क्रिकेट लीग में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से 14 टीमों ने भाग लिया। विधि विभाग की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच में बीएससी शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। इस उपलब्धि पर विभागाध्यक्ष मुकेश गर्ग ने टीम को बधाई दी और बताया कि विधि विभाग शैक्षणिक के साथ-साथ अन्य प्रतियोगिताओं में भी अपना परचम लहराता रहा है। इस अवसर विभाग के प्राध्यापक डॉ. विकास पुनिया, डॉ. प्रदीप कंबोज, डॉ. संदीप बिसाला व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे व उन्होंने टीम को बधाई दी।

---

## 'एक शाम फनकारों के नाम' में कलाकारों ने बिखेरे रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

युवक साहित्य सदन में न्यू 7 स्टार म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में एक शाम फनकारों के नाम कार्यक्रम हुआ जिसमें संगीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। भारतीय संवोत्सव पर आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ जियांशी, आयुषी, वर्तिका और ऋषिका द्वारा शारदा वंदना से हुआ। कार्यक्रम में नगरपरिषद चेयरमैन वीर शांति स्वरूप मुख्यातिथि थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेश मेहता ने की। इस अवसर पर अनेक गीत प्रस्तुत किए गए( सिरसा के अलावा दिल्ली और पंजाब से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



सिरसा। कलाकारों को सम्मानित करते हुए।

*37 वर्ष 4 महीने का बेदाग रहा सेवाकाल*

## प्राध्यापक तीर्थ टक्कर हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

प्राध्यापक तीर्थ टक्कर 37 वर्ष 4 महीने की बेदाग और उत्कृष्ट सेवा के उपरांत सेवा निवृत्त हो गए हैं। उनके सम्मान में स्टाफ सदस्यों ने एक सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। इसमें तीर्थ टक्कर के उल्लेखनीय कार्यों को याद करते हुए एक सम्मान पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। वे सरकारी विक्टोरिया गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पटियाला से रिटायर हुए हैं। स्कूल के सभागार हाल में आयोजित सम्मान समारोह में अध्यापिका परमजीत कौर ने बताया कि तीर्थ टक्कर ने 26 नवंबर 1987 को श्री मुक्तसर साहिब जिले के गांव थराजवाला के सरकारी स्कूल से अपनी नौकरी प्रारंभ की थी वह डबवाली के गांव मिड्डू खेड़ा के सरकारी स्कूल में भी कार्यरत रहे। इसके बाद जिला पटियाला में ट्रांसफर होने उपरांत उन्होंने गांव बादशाहपुर, सुधेवाल, मटरोडा, शेरमाजरा, महंदगंज व नाभा में सेवाएं देने उपरांत सरकारी विक्टोरिया गर्ल्स स्कूल से सेवानिवृत्त हुए हैं। अंत मे विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज सैनी के अलावा शिक्षकों महक, सतवीर कौर, दिनेश, रितु, सुगंधा व अन्य स्टाफ सदस्यों ने तीर्थ टक्कर के साथ बिताए पलों को याद करते हुए शिक्षा क्षेत्र में दिए गए उन्होंने अपने माता पिता की याद में सरकारी विक्टोरिया गर्ल्स स्कूल में 10वीं व 12वीं कक्षा में गणित में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप के तौर पर हर वर्ष स्मृति चिन्ह व 3100 रुपए नकद राशि प्रत्येक को देने की घोषणा की।



सिरसा। स्मृति चिह्न भेंट करते स्टाफ सदस्य।

---

**कार्यक्रम** लघु सचिवालय के सभागार में सुबह 10 से 12 बजे तक किया जा रहा आयोजन

# समाधान शिविर : डीडीपीओ ने सुनीं जन शिकायतें अधिकारियों को दिए जल्द समाधान के निर्देश

- शिविर में कुल तीन शिकायतें हुई प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित कर उच्चाधिकारियों द्वारा नागरिकों की जनसमस्याओं का मौके पर ही निदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला विकास एवं पचांयत अधिकारी अनूप सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित निपटान बारे निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल 03 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्परता से निपटान दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शुरू किए गए समाधान शिविर में अब नागरिकों को अपनी शिकायतों के निवारण के लिए दफतरों में चक्कर काटने से निजात मिली है और एक ही छत के नीचे प्राप्त होने वाली शिकायतों का अधिकारियों द्वारा समय सीमा में निपटान किया जा रहा है। समाधान शिविर में गांव बीघड निवासी विक्रम पुत्र सोहन ने गांव में बिछाई गई पाईप लाईन के लेवल को ठीक करने, गांव बीघड निवासी जयवंती ने आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा बलवान सिंह ने वृद्धावस्था पैंशन बनाने बारे शिकायत प्राप्त हुई जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी अनूप सिंह ने सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तुरंत निपटान के निर्देश दिए।



फतेहाबाद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीडीपीओ।

## चतरगढ़पट्टी रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने का संज्ञान ले सरकार: जस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने कहा कि डबवाली रोड पर चतरगढ़पट्टी पर बने रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज न बनाए जाने के कारण आमजन को यहां अनेक दिक्कतों से दोचार होना पड़ रहा है जिसका संज्ञान राज्य सरकार को अविलंब लेना चाहिए। इनेलो जिलाध्यक्ष जस्सा ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि सरकार की ओर से बार बार यह प्रचार किया जा रहा है कि अतिशीघ्र इस फाटक पर ओवरब्रिज बनाया जाएगा मगर अभी तक इस दिशा में कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है जिसके चलते यहां रेल आवागमन के दौरान डबवाली रोड पर रचना पैलेस तक तथा दूसरी दिशा में दलबीर सिंह इंडोर स्टेडियम तक जाम लग जाता है जिससे लोगों को खासी परेशानी होती है। इनेलो जिलाध्यक्ष ने कहा कि चूंकि इस रेलवे मार्ग पर रेलवे प्रशासन की ओर से अनेक सवारी गाडिय़ां और मालगाडिय़ों के फेरे बढ़ाए हैं जिसके चलते यह फाटक थोड़े थोड़े समय पर बंद करना पड़ता है और एक बार में ये फाटक करीब आधे घंटे के लिए बंद रहता है और इस समयावधि में फाटक की चारों दिशाओं में लंबा जाम लगता है जिससे यहां पैदल चलने वाला व्यक्ति भी चलने में असमर्थ होता है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी समस्या एंबूलेंस को होती है जिसमें कोई रोगी जीवन के लिए संघर्ष करता नजर आता है।

खबर संक्षेप



## हिन्दू नववर्ष पर यज्ञ कर हवन में आहुति डाली

**रतिया।** भारत विकास परिषद रतिया शाखा के द्वारा रतिया की टिब्बा कॉलोनी स्थित राम आश्रम में हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 के शुरुआत के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के सभी सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे तथा हवन भी किया गया। इस हवन कार्यक्रम में सभी सदस्यों द्वारा रतिया तथा क्षेत्र वासियों के लिए नव वर्ष 2082 शुभ तथा सफल रहने की कामना की गई। हवन कार्यक्रम में उपस्थित रहे सभी सदस्यों तथा परिवारजनों द्वारा नव वर्ष पर सामूहिक भोज भी किया गया।

## चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने अरोड़ा कालोनी स्थित एक मकान में चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवकों की पहचान हैप्पी पुत्र मक्खन सिंह व कालू पुत्र फौजा सिंह निवासी वार्ड नं. 12 रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 22 जनवरी को अरोड़ा कालोनी, रतिया निवासी कांता की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका पति बीमार है और अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में दाखिल है। वह शाम को अपने घर को ताला लगाकर अपने रिश्तेदार के घर सोने चली गई थी।

## गोरखपुर में टावर से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** गांव गोरखपुर में लगे एक टॉवर से अज्ञात चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। इस बारे भूना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में सिरसा रोड, हिसार निवासी संदीप कुमार ने कहा है कि वह आरएस सिक्योंटिर कम्पनी में बतौर सिक्योरिटी सुपरवाइजर काम करता है। गत दिवस उसके पास टैक्नीशियन सूरज ने फोन कर सूचना दी कि इंडस कम्पनी के गांव गोरखपुर में लगे टावर में चोरी हो गई है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा तो पाया कि अज्ञात चोर टावर से हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए है।

## राइस मिल में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने राईस मिल से धान की बोरियां चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान पिंदर सिंह उर्फ भूपेन्द्र सिंह पुत्र जगतार सिंह निवासी नाहरका मोहल्ला, रतिया के रूप में हुई है। इस मामले में एक आरोपी संदीप पुत्र अजीत सिंह निवासी वार्ड नं. 16 रतिया को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 28 अक्टूबर 2024 को मॉडल टाऊन रतिया निवासी कीर्ति कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। मिल से 26 धान की बोरियां चोरी हो गई थी। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।


### दस अप्रैल तक अल्टीमेटम, करेंगे हड़ताल

# अनाज मंडी श्रमिकों ने की 25 प्रतिशत मजदूरी बढ़ाने की मांग

### हरियाणा अनाज मण्डी मजदूर यूनियन ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा अनाज मण्डी मजदूर यूनियन ने सोमवार को मार्किट कमेटी सचिव को मण्डी बोर्ड, पंचकूला के मुख्य प्रशासक के नाम ज्ञापन सौंपकर गेहूं के सीजन में मजदूरों की मजदूरी 25 प्रतिशत बढ़ाए जाने की मांग की है। इससे पूर्व रविवार को कुरूक्षेत्र में हुई हरियाणा मण्डी मजदूर यूनियन की राज्य स्तरीय बैठक में फैसला लिया गया कि अगर सरकार 10 अप्रैल उनकी मजदूरी नहीं बढ़ाती तो प्रदेश की सभी मण्डियों में मजदूर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर देंगे। ज्ञापन देने वालों में हरियाणा मण्डी मजदूर यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र खटक, प्रदेश सचिव सतपाल सरोहा, फतेहाबाद जिलाध्यक्ष सीताराम तुर्किया व विजय किराड़ मौजूद थे। मार्किट कमेटी सचिव को सौंपे ज्ञापन में हरियाणा मण्डी मजदूर यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र खटक, प्रदेश सचिव सतपाल सरोहा व जिलाध्यक्ष सीताराम तुर्किया व विजय किराड़ ने कहा है कि 19 मार्च को मण्डी बोर्ड, पंचकूला द्वारा मजदूरी 89 पैसे प्रति बैग बढ़ाई गई है। उनकी मांग है कि बढ़ती महंगाई को देखते हुए उनकी मजदूरी में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए। उन्होंने कहा कि आज हर वस्तु के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में मात्र 89 पैसे मजदूरी की बढ़ोतरी नाकाफी है और इससे मण्डी के मजदूर संतुष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण मजदूरों का गुजारा बड़ी मुश्किल से हो रहा है। ऐसे में उनकी मांग है कि उनकी मजदूरी में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए। यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मजदूरी में पर्याप्त बढ़ोतरी नहीं की गई तो 10 अप्रैल से मण्डी मजदूर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर यूनियन के प्रदेश के मुख्य सलाहाकार मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हरियाणा मण्डी मजदूर यूनियन के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### ये बोले यूनियन के पदाधिकारी

*पिछले दिनों हरियाणा मण्डी मजदूर यूनियन की प्रदेश स्तरीय बैठक कुरूक्षेत्र में हुई थी। जिसमें फैसला लिया गया कि 25 प्रतिशत मजदूरी नहीं बढ़ाई गई तो मजदूर प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इससे पूर्व वह मार्किटिंग बोर्ड के सीए व प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर भी अपनी मांग रखेंगे।*
***-धर्मेन्द्र खटक**, प्रदेशाध्यक्ष, हरियाणा मण्डी मजदूर यूनियन*

# शहीद उधम सिंह पार्क में लगा भंडारा

- कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रधान बंटी कंबोज ने की

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

समाजसेवी संस्था नव कल्याण द्वारा थाना रोड स्थित शहीद उधम सिंह पार्क में हिंदू नवविक्रम संवत एवं नवरात्रों के उपलक्ष्य में मीठे चावल के लंगर प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया।

### नवरात्र की दी शुभकामनाएं

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रधान बंटी कंबोज ने की। प्रधान बंटी कंबोज व संगठन प्रचार मंत्री सुदर्शन नरूला ने हिंदू नवविक्रम संवत व नवरात्रों की शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी ललित चक्रवर्ती, महिला सलाहकार पायल चक्रवर्ती, रुपसी कंबोज, राजेंद्र कंबोज, राजू अरोड़ा सहित संस्था के कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने इस धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।




**फतेहाबाद।** नवरात्रे व नवसम्वत पर मीठे चावल वितरित करते संस्था सदस्य।

## गोवंश को चारा खिलाकर मनाई पूर्व पार्षद वजीर जाखड़ की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर के वार्ड नंबर 13 के पूर्व पार्षद स्व. वजीर जाखड़ की पांचवीं पुण्यतिथि श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। इस दौरान उनके पिता रिटायर्ड तहसीलदार छैलूराम जाखड़, माता कृष्णा देवी, पत्नी नीतू व बिटिया प्रीशा ने गोशाला जाकर गायों को हरा चारा खिलाया। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की गई। स्व.वजीर जाखड़ के छोटे भाई प्रवीण जाखड़ ने कहा कि बेशक उनके भाई शारीरिक तौर पर हमारे बीच नहीं है, लेकिन हमारे दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे। लोगों के लिए उन्होंने जो सेवाभाव से कार्य किए, उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। उनकी प्रेरणा पर चलकर परिवार अपना सामाजिक दायित्व निभा रहा है। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम, भगवान सिंह भ्याना, विनोद डेलू, सुधीर श्योराण, सतपाल गढ़वाल, सुनील जाखड़, प्रवीण जाखड़, राज



गायों को हरा चारा खिलाते छैलूराम जाखड़, कृष्णा देवी व प्रीशा जाखड़।

## मंडी में 480 मीट्रिक टन सरसों की आवक

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिला में सरसों की सरकारी खरीद जारी है, जिसको लेकर मंडियों में व्यापक प्रबंध किए गए है। भूना की अनाज मंडी में रविवार सांय तक 480.1 मीट्रिक टन सरसों की आवक हुई है। अभी तक आई आवक में से 412 मीट्रिक टन सरसों को खरीद लिया गया जिसमें से 307 मीट्रिक टन का उठान कर लिया गया है। मंडी में किसानों के लिए शौचालय, पीने के पानी तथा फसलों के लिए शैड की उचित व्यवस्था की है। उपायुक्त ने बताया कि जिला में किसानों को मंडियों में अपनी फसल बेचने में किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मंडियों में सुचारू व्यवस्था बनाने के लिए वे समय-समय पर दौरा करते रहें।

# दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने की मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

मां शीतला मंदिर में चल रहे चैत्र के नवरात्रों के आज दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की। इस मौके पर आचार्य सतीश शास्त्री ने मां की कथा सुनाते हुए कहा कि पूर्व जन्म में ब्रह्मचारिणी देवी ने पर्वतों के राजा हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लिया था। साथ ही नारदजी के उपदेश से भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी।

इस कठिन तपस्या के कारण इन्हें तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से जाना गया। शास्त्री जी ने कहा कि हिंदू शास्त्रों में वर्णित है कि मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से साधक को यम, नियम के बंधन से मुक्ति मिलती है। साथ ही वह साधक कठिन संघर्षों में भी अपने कर्तव्य-पथ से विचलित नहीं होता। मां ब्रह्मचारिणी की कृपा से उसे सिद्धि और विजय प्राप्त होती है। इस दौरान मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजन किया और दुर्गा स्तुति का पाठ किया। इस मौके पर शीतला माता मंदिर सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



# शिविर में 75 युवाओं ने किया रक्तदान

- बबनपुर ढाणी में फतेह स्पोर्ट्स क्लब ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

गांव बबनपुर ढाणी में फतेह स्पोर्ट्स क्लब की ओर से पहला रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब 75 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

### ये रहे मौजूद

शिविर में संगत फाऊंडेशन ब्लड बैंक टोहाना की टीम द्वारा रक्त एकत्रित किया गया। खुशकर्ण सिद्धू, परमजीत सिद्धू, नरेंद्र जटाना, हरविंद्र शर्मा, कर्ण धालीवाल, रिंकू खोखर, अवतार चहल, बंटू मंडेर आदि क्लब सदस्यों ने बताया कि युवा पीढ़ी को खून दान करने के प्रति जागरुक करने के लिए क्लब की ओर से पहली बार रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़चढक़र उत्साह के साथ खूनदान किया। उन्होंने बताया कि शिविर में शाह सतनाम जी ग्रीन एस संगठन के गुरजीत इन्सां, रोही राम, तरसेम लाल, नैब, गुरमीत आदि सदस्यों ने भरपूर सहयोग दिया। शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदानियों को क्लब की ओर प्रमाण पत्र देकर नवाजा गया।



**रतिया।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते क्लब सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

# भारत विकास परिषद की कार्यकारिणी गठित

- विकास कंसल को नई कार्यकारिणी का प्रधान चुना गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जाखल

भारत विकास परिषद, शाखा जाखल मंडी की कार्यकारिणी के गठन को लेकर चुनावी बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से चुनावी प्रक्रिया को संपन्न कराया गया। इस प्रक्रिया में विकास कंसल को नई कार्यकारिणी का प्रधान चुना गया। बैठक की अध्यक्षता परिषद के संरक्षक कृष्ण गर्ग ने की, जिसमें अन्य पदाधिकारियों को भी पदभार ग्रहण करवाया गया।

तरसेम सिंगला को सचिव और गगनदीप जैन को कोषाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। बैठक में पूर्व अध्यक्ष राजीव गोयल ने पिछले दो वर्षों में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि परिषद ने सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिनमें पौधारोपण, जरूरतमंदों की सेवा, महापुरुषों की जयंती मनाना, और स्वतंत्रता एवं गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन शामिल हैं। पूर्व कोषाध्यक्ष संजीव गर्ग ने भी परिषद के सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई, जिसमें दिनेश गर्ग हैप्पी एवं अमित गोयल को उपाध्यक्ष, संजीव गर्ग व पैरी खिप्पल को सहसचिव, अरुण बंसल एवं प्रमोद गर्ग को सह-कोषाध्यक्ष, अश्वनी शर्मा को प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख एवं शाखा पालक चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष विकास कंसल, सचिव तरसेम सिंगला और कोषाध्यक्ष गगनदीप जैन का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे परिषद के उद्देश्यों को पूरी निष्ठा से पूरा करेंगे।



**जाखल।** भारत विकास परिषद के चुने गए पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

# पेंशनर्स से अन्याय कर रही सरकार

- रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने कहा : सरकार के फैसले का देशभर में किया जाएगा विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

केन्द्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों के लाभों से 31 दिसम्बर 2025 तक पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशन भागियों को वंचित करने के फैसले की रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने कड़े शब्दों में निंदा की है। पेंशन भोगियों में केंद्र सरकार के इस तानाशाहीपूर्ण फैसले के खिलाफ आक्रोश की लहर है। रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने इस फैसले को पेंशनर के साथ क्रूर मजाक बताते हुए इसके खिलाफ देश भर में विरोध करने का ऐलान किया है। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान भोला सिंह, उपप्रधान लाभ सिंह, सचिव बेगराज ने कहा कि केन्द्र सरकार ने 25 मार्च को लोकसभा में एक विधेयक पारित किया है, जिसके अनुसार 31 दिसम्बर 2025 तक सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों तथा पूर्व के पेंशनर्स को आठवें वेतन आयोग के लाभ से वंचित कर दिया गया है। दूसरी ओर इसी दिन लोकसभा के माननीयों के वेतन में 24 प्रतिशत वृद्धि, न्यूनतम पेंशन 25 हजार से 31 हजार तथा दैनिक भत्ता 2 हजार से बढ़ाकर 2500 किया गया है। ऐसा करके सांसदों ने प्रदर्शित किया कि भूख और जरूरत केवल माननीयों को है। आम कर्मचारियों व पेंशनर्स को बढ़ती महंगाई, पेंशन व वेतनमान वृद्धि कोई जरूरत नहीं है। यह कर्मचारियों व पेंशनर्स के साथ एक भद्दा मजाक है। रिटायर्ड कर्मचारी संघ मांग करता है कि हरियाणा सरकार अपने कर्मचारियों को कम से कम 6 प्रतिशत महंगाई भत्ता दे।

केंद्र सरकार वेतन आयोग के नियमों से कोई छेड़छाड़ ना करे। मेडिकल भत्ता 3 हजार रुपये दिया जाए, कैशलेस मेडिकल सुविधा दी जाए, कम्यूट की राशि 10 वर्ष 8 महीने तक की काटी जाए। वेतन आयोग की सिफारिशों को समय पर लागू किया जाए। हरियाणा सरकार प्रदेश का अलग से वेतन आयोग गठित करे। उन्होंने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ यूनिफाइड पेंशन योजना जो प्रथम अप्रैल को लागू करने जा रहा है, को वापस लेकर पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग करता है।

# आईपीएल मैच पर सट्टा लगवाते तीन युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- पुलिस ने रतिया के मॉडल टाऊन स्थित एक मकान में छापेमारी कर आरोपियों को दबोचा

सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम ने रतिया के मॉडल टाऊन स्थित एक मकान में छापेमारी कर तीन युवकों को आईपीएल मैच पर सट्टा लगवाते गिरफ्तार किया है।

### गुप्त सूचना पर छापा

थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि सीआईए स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एसआई संजय कुमार के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर रतिया क्षेत्र में गश्त पर थी। टीम जब रतिया बस अड्डे के पास पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि मॉडल टाऊन, रतिया के एक मकान में कुछ युवक क्रिकेट सट्टा की खाईवाली कर रहे है। इस सूचना पर पुलिस टीम सर्च वारंट लेकर मॉडल टाऊन स्थित उक्त मकान पर पहुंची और अंदर से गेट बंद था। गेट ना खोलने पर पुलिस कर्मचारी मकान के अंदर गए तो इसी दौरान एक युवक मकान के पीछे से बंद गेट को फांदकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस कर्मचारियों ने पीछा से उसे काबू कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रवि कुमार पुत्र पुरूषोतम दास निवासी नहर कालोनी रतिया बताया। इसके अलावा पुलिस ने मकान से दो अन्य युवकों हरजीत सिंह पुत्र जसविन्द्र सिंह निवासी रयोंद कलां पंजाब व अमरीक सिंह पुत्र बूटा सिंह निवासी चिम्मो हाल मकान नं. 115, मॉडल टाऊन रतिया को भी मौके से काबू कर लिया। पुलिस ने पाया कि तीनों युवक मकान में आईपीएल के मैच पर सट्टा लगवा रहे थे। पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार कर इनके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता 16 से 18 मई तक आन्ध्र प्रदेश में खेली जाएगी

# राज्य स्तरीय बैंडी टीम के लिए 40 का चयन

- हरियाणा बैंडी संघ प्रधान श्रीभगवान शर्मा, उप प्रधान गुरविंदर चीमा व अन्य की देखरेख में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

सातवीं बैंडी फेडरेशन कप राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए राज्य स्तरीय बैंडी टीम का चयन फतेहाबाद के अपैक्स स्कूल में किया गया। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 16 से 18 मई तक आन्ध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित की जाएगी। यह चयन प्रक्रिया हरियाणा बैंडी संघ प्रधान श्रीभगवान शर्मा, उप प्रधान गुरविंदर चीमा, गुरप्रीत सिंह प्रमुख प्रशिक्षक एवं महासचिव प्रमोद कौशिक की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में निर्णायकों की भूमिका पॉवेल हिसार, ज्योती शर्मा रोहतक, फतेहाबाद से आदित्या शर्मा, तुषार, रोमी मील, विकास कुमार ने निभाई। इस ट्रायल में प्रदेशभर से खिलाडियों ने भाग लिया, जिसमें से रोहतक, हिसार, फतेहाबाद आदि जिलों के 40 खिलाडिय़ों का चयन किया गया है। इसमें अंडर-10 आयु वर्ग लडक़ों में हिसार जिले के वैदिक, रियांश, लक्ष्यराज, रोहतक जिले से कबीर, प्रतिज्ञवीर, फतेहाबाद से आयुद्ध जबकि लड़कियों के वर्ग में हिसार से कृषि, अक्षिता, आन्या, रियांशी का चयन हुआ है।




**फतेहाबाद।** राज्य स्तरीय बैंडी टीम का चयन प्रक्रिया में भाग लेते खिलाड़ी।

### टीम में ये खिलाड़ी चुने गए

इसके अलावा अंडर 12 आयु वर्ग में फतेहाबाद से स्नोदय, हिमिल, नवनीत, रोहतक से हार्दिक का, अंडर 14 आयु वर्ग में फतेहाबाद से गुरशेज, हिमांशु, विराट, दक्ष, कार्तिक, डेजी और सारानुरुला और रोहतक से अभय का, अंडर 17आयु वर्ग में हिसार से रुद्राक्ष, मोनित, मंजीत, फतेहाबाद से कपिस, हर्षित बोहरा, हर्षित जांगड़ा, साहिल, गुरमरित, हिमांशु , समरीन, चाहत का चयन किया गया है। सीनियर वर्ग में राहुल, मनीष, अजय कुमार, अजय, सुनील, आदित्य, रोमी मील और तुषार चयनित हुए है। इस चयन प्रक्रिया का दूसरा चरण 10 अप्रैल को फाइनल होगा। चयनित टीम का प्रशिक्षण कैंप 28-29 अप्रैल को एंबिएंस मॉल गुरुग्राम में होगा।